कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

अनार बाई प्रजापत पुत्री श्री बंशीधर प्रजापत ग्राम पोस्ट भावता तहसील बसवा जिला दौसा (राज0) 303325

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, सिकराय

अपील सं0 62/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 17.12.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, सिकराय से दिनांक 10.09.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, सिकराय को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सिकराय के पत्रांक/आर0ए0/2018/1106 दिनांक 04.12.18 द्वारा इस कार्यालय को सूचना भिजवाते हुए प्रति आवेदक को पृष्ठांकित की गई है। साथ ही उनके पूर्व पत्रांक आर0ए0/2018/1028 दिनांक 26.10.18 द्वारा शेष सूचना अप्रार्थी को दिया जाना अंकित किया गया है। सुलभ संदर्भ हेतु पत्र के संलग्न सूचना की प्रति भिजवाई गई है। प्राप्त पत्रादि संलग्न पत्रावली है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवदेक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो । प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official